**समीक्षा बैठक** टीएल बैठक में हुई समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा, यात्री वाहनों की सघन जांच के निर्देश

# जर्जर भवनों में संचालित संस्थानों पर लगे रोक : कलेक्टर



**नवभारत, बालाघाट।** 13 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक एवं श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में जिले के नगरीय क्षेत्रों में स्थित जर्जर भवनों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि जिन भवनों के गिरने और जनहानि होने की संभावना हो, उन भवनों को डिस्मेंटल करने की कार्यवाही की जाए। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में ऐसे शासकीय एवं अशासकीय भवनों को चिन्हित करने एवं उन्हें डिस्मेंटल करने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि नगरीय क्षेत्र बालाघाट में 11 शासकीय एवं 20 प्राइवेट भवनों को चिन्हित किया गया है। इसी प्रकार वारासिवनी में 05 शासकीय एवं 03 प्रायवेट भवनों को चिन्हित किया गया है। नगरीय क्षेत्र मलाजखंड में 10 जर्जर भवनों को डिस्मेंटल कर दिया गया है। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक एवं सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग कल्याण को निर्देशित किया गया कि जिले में कहीं पर भी जर्जर भवन में आंगनवाड़ी केंद्र, शालाओं की कक्षाएं एवं छात्रावास संचालित न हों। यदि कहीं ऐसी स्थिति हो तो उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और अन्य भवनों में इनका संचालन किया जाए। कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी को सख्त निर्देश दिये कि जिले में संचालित यात्री वाहनों की सघन जांच करें और नियम विरुद्ध एवं बिना फिटनेस के संचालित बसों पर कड़ी कार्रवाई करें। बैठक में श्रम अधिकारी को प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन करने के निर्देश दिए गए। सभी अधिकारियों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए गए।

## बीज वितरण, सोलर योजनाओं एवं कुसुम-बी योजना की समीक्षा

बैठक में उपसंचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि किसानों को वितरण के लिए आने वाले बीजों का शीघ्र वितरण किया जाए। यदि किसी कर्मचारी के घर पर किसानों को वितरण के लिए आया बीज पाया जाता है तो ऐसे कर्मचारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई प्रस्तावित की जाए। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को जिले में संचालित नलजल योजनाओं में रेस्को मोड में सोलर कनेक्शन लगाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर पंप के लिए लंबित 228 प्रकरणों में बैंक से ऋण स्वीकृत कराने तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक को इसमें सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

# अवलेश ने नई दिल्ली में रखा बालाघाट का पक्ष

- राष्ट्रीय 'वृक्ष मित्र संवाद' में पर्यावरण संरक्षण और किसानों के मुद्दे गूंजे
- केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम



**नवभारत कटंगी 13 जुलाई।** कटंगी के युवाओं का प्रतिनिधित्व आज देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित पूसा संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय 'वृक्ष मित्र संवाद' कार्यक्रम में किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कटंगी क्षेत्र के युवा अवलेश पारधी ने पूरे देश के सामने पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमारा विजन और नीतिगत सुझाव रखे।

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अवलेश पारधी ने इस महाअभियान में पहुंच कर बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र की आवाज बुलंद की। संवाद में पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ क्षेत्र और किसानों से जुड़ी समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

### प्रकृति संरक्षण के संकल्प को जन आंदोलन बनाएं

दिल्ली से वापसी के बाद अवलेश पारधी ने कहा कि यह गौरव केवल मेरा नहीं, बल्कि कटंगी के आप सभी राष्ट्र-समर्पित साथियों का है। सृजन और संरक्षण के इस महायज्ञ में पहुंचने का अवसर मिलना आप सभी की शुभेच्छा ही मेरी असली ताकत रही है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 'आइए, हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के इस संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाएं।

### कटंगी को अवलेश के इस प्रतिनिधित्व पर गर्व है

उल्लेखनीय है कि 'वृक्ष मित्र संवाद' यह केंद्र सरकार का एक राष्ट्रीय अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना और जमीनी स्तर पर पौधरोपण व संरक्षण के लिए नीतियां बनाना है। इस कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व मिलने पर पूरे कटंगी क्षेत्र को अवलेश के इस प्रतिनिधित्व पर गर्व है।

## एक नजर में



### गोवारी के किसान यशवंत वरकड़े को वितरित किया उन्नत बीज

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में मोटे अनाज (श्रीअन्न) के उत्पादन को बढ़ावा देने तथा किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत गुणवत्ता के बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में बैहर तहसील के ग्राम गोवारी निवासी कृषक यशवंत वरकड़े को कृषि विभाग की ओर से कुटकी का उन्नत बीज वितरित किया गया। उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने बताया कि किसानों को जलवायु अनुकूल एवं कम लागत वाली फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसान यशवंत वरकड़े को कुटकी बीज उपलब्ध कराया गया, ताकि वे खरीफ मौसम में इसकी वैज्ञानिक खेती कर अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि कुटकी एक पोषक तत्वों से भरपूर श्रीअन्न फसल है, जिसकी बाजार में लगातार मांग बढ़ रही है। यह कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी अच्छी पैदावार देने वाली फसल है तथा कम लागत में किसानों को बेहतर लाभ दिलाने में सहायक सिद्ध होती है। शासन द्वारा भी श्रीअन्न फसलों के उत्पादन एवं उपभोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

### छात्राओं को कौशल विकास और रोजगार के अवसरों की दी जानकारी

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय, बालाघाट में सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कौशल विकास, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, उद्यमिता तथा आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक कॉलेज, बालाघाट के अतिथि वक्ता बी.आर. मरावी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी दौर में केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने के लिए संचार कौशल, डिजिटल साक्षरता, नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान और तकनीकी दक्षता जैसे व्यावहारिक कौशलों का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न शासकीय कौशल विकास योजनाओं तथा स्वरोजगार के अवसरों की भी जानकारी दी।

# डायरिया रोको अभियान के तहत पांच गांवों में हैंडपंपों का सुधार

- पेयजल स्रोतों का किया गया क्लोरीनीकरण



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में संचालित डायरिया रोको अभियान के तहत सोमवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा लालबर्रा, लांजी एवं किरनापुर विकासखंड के ग्राम धपेरा, सिर्रा, बड़गांव, साडरा एवं सेवती में पेयजल स्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पीएचई विभाग की टीम ने गांवों का भ्रमण कर खराब पड़े हैंडपंपों का सुधार कार्य कराया, जिससे ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही सुधारे गए हैंडपंपों सहित गांव के सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया, ताकि पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का नाश हो सके और जलजनित बीमारियों, विशेषकर डायरिया, के फैलने की आशंका को कम किया जा सके।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्षा ऋतु में जल स्रोतों के दूषित होने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में पेयजल स्रोतों का नियमित क्लोरीनीकरण एवं रखरखाव आवश्यक है। इसी उद्देश्य से जिले में डायरिया रोको अभियान के अंतर्गत लगातार गांव-गांव पहुंचकर पेयजल स्रोतों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हमेशा पानी को छानकर एवं ढककर रखें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें।

# शंकरघाट रेल्वे फाटक को दो फिट खुलवाया जाए



**नवभारत न्यूज बालाघाट।** शिव भक्तों द्वारा डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट के संज्ञान में लाया गया और उनके साथ ही वस्तुस्थिति का अवलोकन करने पहुंचे शंकरघाट रेल्वे फाटक को स्थाई रूप से रेल्वे विभाग द्वारा बन्द कर दिया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्य में शिव मंदिर आने-जाने भक्तगण गणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान परिदृश्य में नवनिर्मित पुल के ऊपर से नीचे उतरते समय दिशा सूचक और अवरोधक नहीं है, [दाये-बांये] जहाँ तीन रास्ते शिव मंदिर, वारासिवनी तथा डेंजर रोड़ मार्ग। उक्त पुल मार्ग पर आने-जाने परिवाहनों की तेज रफ्तार होने के परिवेश में शिव मंदिर जाने दुर्लभतम हो गया है, ऐसी विषम परिस्थितिजन्य दुर्घटनाग्रस्त होने की अति संभावना है।

ज्ञात हो कि शिव मंदिर के गर्भगृह में 10 वीं शताब्दी की शिव-पार्वती की अवलोकित प्रतिमा स्थापित है। वर्तमान में गर्भगृह को बन्द कर उसके ऊपर संगमरमर की शिवलिंग, नंदी को स्थापित कर मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। परन्तु शिव मंदिर का प्रवेशद्वार आकर्षित पुराना और एक नंदी काले पत्थर का प्राचीन है। वैनगंगा नदी के तट पर स्थित होने के परिप्रेक्ष्य में इसका प्राचीनतम महत्व है। जहाँ पैदल, साईकिल, वाहनों से प्रतिदिन प्रात:काल से देर रात तक तथा महाशिवरात्रि पर्व पर पूजन-अर्चन होता है। डॉ.गहरवार ने ध्यानाकर्षण करवाते हुए कहा प्राचीन काल से शंकरघाट मार्ग रहा है। बाद में रेल पथ [रेल्वे फाटक] बना है। वर्तमान में पुल बनने के कारण शिव भक्तों,पर्यटकों प्रतिदिन प्रात:काल से आने जाने असुविधा हो रही है।

डॉ.गहरवार ने उस ओर भी ध्यानाकर्षण करवाया, प्रति वर्ष श्रावण मास के समय कांवड़ यात्रीगण पैदल चलकर इसी मार्ग से वैनगंगा तट से जल लेकर आते-जाते है तथा इस वर्ष श्रावण मास 30 जुलाई 2026 से प्रारंभ हो रहा है, जिन्हें पूल के ऊपर से लम्बी दूरी घुमकर आना-जाना करना होगा, जिन्हें अत्यन्त कठिनाईयों का सामना कर पड़ेगा।

# बालाघाट में ही संचालित होगा पुराना रेंजर कॉलेज



**नवभारत न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के लिए बड़ी राहत और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बहुप्रतीक्षित रेंजर कॉलेज अब बालाघाट में ही संचालित होगा। कॉलेज के प्रस्तावित स्थानांतरण पर रोक लगने के बाद सांसद श्रीमती भारती पारधी ने सोमवार को रेंजर कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वर्ष 2014 के बाद प्रारंभ होने जा रहे नए बैच के प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती पारधी ने रेंजर कॉलेज में पौधारोपण भी किया।

निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती पारधी ने कॉलेज की अधोसंरचना, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) गौरव चौधरी, वनमंडलाधिकारी (दक्षिण सामान्य) नित्यानंदम एल, वनमंडलाधिकारी (उत्तर सामान्य) रेशम सिंह धुर्वे सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रेंजर कॉलेज को जबलपुर स्थानांतरित किए जाने की चर्चाओं के बीच सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए संसद में नियम 377 के अंतर्गत कॉलेज को बालाघाट में ही यथावत संचालित रखने की मांग रखी थी। उनके प्रयासों के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने संस्थान को बालाघाट में संचालित रखने का सकारात्मक आश्वासन दिया था, जिसके बाद अब कॉलेज का संचालन बालाघाट में ही सुनिश्चित हो गया है।

निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती भारती पारधी ने वन विभाग के अधिकारियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि रेंजर कॉलेज का बालाघाट में बने रहना जिले के युवाओं और वन शिक्षा के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

**दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान**

# पहले दिन पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन की दी जानकारी



**नवभारत, बालाघाट।** मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के प्रथम दिवस सोमवार को विकासखंड बालाघाट के विभिन्न ग्रामों में पशुपालकों से सीधा संवाद कर उन्हें आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन के लिए जागरूक किया गया।

विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पुशाम ने ग्राम कोचेवाड़ा, बुढ़िया गांव एवं अत्री का भ्रमण कर पशुपालकों से संपर्क स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, नस्ल सुधार कार्यक्रम तथा संतुलित पशुपोषण (आहार प्रबंधन) के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक पशुपालन पद्धतियों को अपनाने से पशुओं का स्वास्थ्य बेहतर रहता है और दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है, जिससे पशुपालकों की आय भी बढ़ती है। अभियान के दौरान श्री अशुल नागोसे, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्राधिकारी, लामता, के साथ गौ सेवक एवं गौ मैत्री भी उपस्थित रहे। टीम ने पशुपालकों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया।


# मेले के माध्यम से विद्यार्थियों को मिल रहा प्रवेश का सुनहरा अवसर



**नवभारत, वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार 08 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक प्रवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य अतिरिक्त सीएलसी राउंड के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ते हुए प्रवेश प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाना है।

प्रवेश मेला प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय में आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को उसी दिन पंजीयन, चॉइस फिलिंग एवं संशोधन, दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन तथा प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। विद्यार्थियों को विषयवार एवं श्रेणीवार रिक्त सीटों की जानकारी, उपलब्ध पाठ्यक्रमों का विवरण तथा उनके अनुरूप विषय चयन संबंधी परामर्श भी दिया जा रहा है, ताकि वे अपनी रुचि और पात्रता के अनुसार सही निर्णय ले सकें। महाविद्यालय ने सभी पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित अवधि के भीतर प्रवेश मेले का लाभ उठाकर अपनी प्रवेश संबंधी प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की है।

# पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण आयोजित



**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट में 9 से 11 जुलाई 2026 तक संयुक्त सहयोग से तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नवीनतम तकनीकों से परिचित कराते हुए शिक्षण, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों में एआई के प्रभावी और उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग के लिए सक्षम बनाना था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री आर. एम. सोनवे सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनरेटिव एआई, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, आधुनिक एआई टूल्स तथा उनके व्यावहारिक उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई। एआई टेक्नोलॉजी ट्रेनर श्री प्रमेय तिवारी ने लाइव डेमो एवं हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न एआई आधारित अनुप्रयोगों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। इस दौरान शिक्षण, मूल्यांकन, कार्यालयीन कार्यों, शैक्षणिक प्रबंधन, कंटेंट निर्माण, प्रस्तुतीकरण, दस्तावेज़ तैयार करने, डेटा विश्लेषण, प्रश्न-पत्र निर्माण तथा शिक्षण सामग्री विकसित करने में एआई के उपयोग की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में उभरती हुई कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीकों के प्रति जागरूकता एवं तकनीकी दक्षता का विकास हुआ।

**अभियान** 15 से 30 जुलाई तक विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए किया जाएगा जागरूक

# प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में चलेगा नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान



**नवभारत, बालाघाट।** विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगा। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के अंतर्गत समयबद्ध रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। अभियान की शुरुआत 15 जुलाई 2026 को होगी। जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। इस दौरान स्थानीय मीडिया के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रसारित किए जाएंगे तथा नशा मुक्ति से जुड़े पम्पलेट वितरित किए जाएंगे। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे।

उच्च शिक्षण संस्थानों के आसपास तम्बाकू, सिगरेट या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री नहीं हो, इस संबंध में भी जागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थी नशा मुक्ति का संदेश देंगे। इन गतिविधियों में विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

# नवागत थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने संभाला परसवाड़ा थाने का पदभार



**परसवाड़ा।** परसवाड़ा थाना को नए थाना प्रभारी के रूप में निरीक्षक अनूप नामदेव की नियुक्ति हुई है। उन्होंने बीते दिनों विधिवत रूप से परसवाड़ा थाने का पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, लंबित प्रकरणों एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की जानकारी ली।

नवागत थाना प्रभारी अनुप नामदेव ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं निष्पक्ष निराकरण किया जाएगा तथा अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लोगों में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण मजबूत किया जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए आमजन को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।